पुलिस ने किया लूट की वारदात का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

बैतूल, 21 अगस्त. पुलिस चौकी पाथाखेड़ा थाना सारणी ने 15 अगस्त को हुई लूट की गंभीर वारदात का खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसमें दो नाबालिग है।

लोहे की पाइप से किया था हमला

आरोपियों में दो नाबालिग भी शामिल

संपूर्ण विवेचना उपरांत आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी अजय पिता प्रमोद खंडेलवार, (36 वर्ष) निवासी शोभापुर ने थाना सारणी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 15 अगस्त को शाम लगभग 06.30 बजे वह अपनी मोटरसाइकिल से शोभापुर कॉलोनी से घर लौट रहा था। उसी दौरान मंदिर के समीप जंगल से तीन अज्ञात व्यक्ति चेहरे पर कपड़ा बाँधकर बाहर आए और फरियादी पर लोहे की पाइप से हमला कर दिया। हमले से घायल होकर फरियादी सड़क पर गिर पड़ा, जिसके बाद आरोपियों ने उसके पास से एक सैमसंग टच मोबाइल फोन एवं पर्स में रखी नगदी लूट ली। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना सारणी में धारा 126(2), 309(6), 3(5) भा.दं.सं. (बीएनएस) के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस को मुखबिर से मिली पुख्ता सूचना पर पुलिस ने मुख्य आरोपी विकास पिता दिलीप धुर्वे, (18 वर्ष) निवासी ग्राम केरिया उमरी, थाना सारणी सहित दो अन्य विधि विरुद्ध बालक को चिन्हित कर गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने आरोपियों से घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल, वारदात हेतु प्रयुक्त लोहे की पाइप, मोटरसाइकिल की चैन और नगदी 500 रुपये बरामद किये। संपूर्ण विवेचना उपरांत आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

इनकी रही सराहनीय भूमिका : इस प्रकरण के खुलासे में चौकी पाथाखेड़ा एवं थाना सारणी पुलिस की तत्परता एवं संवेदनशीलता उल्लेखनीय रही। विशेष रूप से उपनिरीक्षक वंशज श्रीवास्तव, सहायक उपनिरीक्षक शिवपाल इरपाचे, प्रधान आरक्षक मनोज डेहेरिया, प्रधान आरक्षक ज्ञान सिंह टेकाम, आरक्षक सुभाष, आरक्षक रविमोहन, आरक्षक अनुज, आरक्षक राजू और साइबर सेल बैतूल में सदस्य आरक्षक दीपेंद्र एवं आरक्षक राजेंद्र भूमिका सराहनीय रही।

पुलिस अधीक्षक निश्चल एन. झारिया ने इस त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई के लिए पुलिस टीम की सराहना की है।

घटना में प्रयुक्त सामग्री की जब्त

गंभीर प्रकरण की विवेचना के दौरान, पुलिस को मुखबिर से मिली पुख्ता सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए चौकी पाथाखेड़ा पुलिस ने मुख्य आरोपी विकास पिता दिलीप धुर्वे, (18 वर्ष) निवासी ग्राम केरिया उमरी, थाना सारणी सहित दो अन्य विधि विरुद्ध बालक को चिन्हित कर गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने आरोपियों से घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल, वारदात हेतु प्रयुक्त लोहे की पाइप, मोटरसाइकिल की चैन और नगदी 500 रुपये बरामद किये। संपूर्ण विवेचना उपरांत आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

घर से सेंटिंग प्लेट्स व खिड़की चोरी, तीन आरोपी गिरफ्तार

बैतूल। कोतवाली पुलिस ने लोहे की सेंटिंग प्लेट और खिड़की चोरी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक लाख चार हजार रुपए की संपत्ति बरामद की है। पुलिस के अनुसार मंगलवार को सोनाघाटी निवासी निर्मला यादव ने शिकायत दर्ज कराई थी। 8 अगस्त की रात उनके घर से लोहे की सेंटिंग प्लेट्स और खिड़की चोरी हो गई। इस पर सोनाघाटी क्षेत्र में दो संदिग्धों को पकड़ा। पूछताछ में उन्होंने चोरी कबूल की। चोरी का सामान इटारसी रोड पर कबाड़ी महफूज उर्फ जेबी को बेच दिया। पुलिस ने कबाड़ी को भी पकड़ा। उसके पास से पूरा चोरी का माल बरामद किया। गिरफ्तार आरोपियों में शेख शब्बीर पिता शेख फरीद, राजेश उर्फ लब्बा पिता मोतीलाल सोनेकर, दोनों निवासी सोनाघाटी, बैतूल शामिल हैं। तीसरा आरोपी महफूज उर्फ जेबी पिता मेहमूद खान निवासी आजाद वार्ड टिकारी बैतूल है। पुलिस ने 15 लोहे की सेंटिंग प्लेट्स, एक लोहे की खिड़की फ्रेम और एक स्कूटी एक्टिवा जब्त की। स्कूटी चोरी में इस्तेमाल हुई थी। बरामद माल की कीमत करीब 1 लाख 4 हजार रुपए आंकी है। कार्रवाई में थाना प्रभारी रविकांत डेहरिया के नेतृत्व में उपनिरीक्षक नरेन्द्र उइके, प्रधान आरक्षक अभिजीत खलतकर, आरक्षक संदीप और विशाल राजपूत की भूमिका अहम रही।

एक नजर में

बैतूल में ट्रैक्टर पलटने से दबा युवक, मौत

बैतूल। जिले के ग्राम गढ़वा में एक सड़क हादसे में 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई। उसकी पहचान श्यामू पिता रामा चडोकर के रूप में हुई। घटना गुरुवार सुबह करीब 9 बजे की है। श्यामू अपने बड़े भाई के साथ बाइक से खेत गया था। वापसी में वह अकेला ट्रैक्टर चला रहा था। गांव की 10 फीट चौड़ी सीसी रोड पर एक बैलगाड़ी खड़ी थी। इससे रास्ता संकरा हो गया था। श्यामू ने जब ट्रैक्टर को उस जगह से निकालने की कोशिश की तो वह अनियंत्रित हो गया। ट्रैक्टर सड़क किनारे पलट गया और श्यामू उसके नीचे दब गया। ग्रामीणों ने ट्रैक्टर को उठाकर युवक को बाहर निकाला। उसे तत्काल बैतूल जिला अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

आज खंजनपुर फीडर में बंद रहेगी बिजली

बैतूल। बिजली कंपनी द्वारा 22 अगस्त को खंजनपुर फीडर अंतर्गत विक्टर फोटो के पास विकास वार्ड में लाइन के समीप आ रहे सूखे पेड़ों की कटाई का कार्य किया जाना है। जिसके चलते शुक्रवार को प्रात: 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक 11 केव्ही खंजनपुर फीडर के अर्जुन नगर, टेलीफोन कॉलोनी, विकास नगर, खंजनपुर, कालापाठा, दुर्ग वार्ड, कत्तलढाना, सुयोग कॉलोनी, सरस्वती स्कूल तथा डिपो रोड क्षेत्र में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड बैतूल शहर जोन-1 के प्रबंधक ने बताया कि किन्हीं अपरिहार्य कारणों से समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

हेमंत खण्डेलवाल बने ट्रस्टी

बैतूल। जिले के सबसे बड़े धार्मिक ट्रस्ट श्री राममंदिर, शिवमंदिर, राधाकृश्ण मंदिर, छोटा राम मंदिर, पार्वती भवन एकीकृत ट्रस्ट बैतूल में नये ट्रस्टी के रुप में हेमंत खण्डेलवाल का मनोनयन किया गया है। ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल ने बताया कि इस धार्मिक ट्रस्ट के कार्यों में गति लाने के लिये बैतूल विधायक एवं वर्तमान में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल को ट्रस्ट में ट्रस्टी के रुप में शामिल किया गया है।

संयुक्त संचालक ने किया निरीक्षण, कहीं निकाली कमियां, कहीं प्रशंसा

मुलताई। स्कूल शिक्षा विभाग नर्मदापुरम संभाग के संयुक्त संचालक डॉ मनीष वर्मा एवं संभागीय समन्वयक सुदीप गौर के दल ने 19 एवं 20 अगस्त को बैतूल जिले के स्कूलों का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होने कहीं कमिया निकाली तो कहीं प्राचार्य की कार्य शैली की प्रशंसा की। इस दौरान उन्होने 19 अगस्त को मुलताई के सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के नव निर्मित भवन निर्माण का निरीक्षण किया तथा प्राचार्य से नामांकन तथा गत सत्र के शत प्रतिशत रहे परीक्षाफल एवं छात्रों की बैठक व्यवस्था पर भी

चर्चा की। जिसके बाद उन्होंने 20 अगस्त को प्रात: माँ ताप्ती के दर्शन कर प्रभात पट्टन ब्लॉक के डाईट, जनपद शिक्षा केन्द्र, शासकीय उच्चतर माध्यमिक एवं कन्या शाला प्रभात पट्टन का निरीक्षण कर निर्देश दिए। वहीं मुलताई ब्लॉक के शासकीय हाईस्कूल चौथिया के निरीक्षण के दौरान उन्होंने संस्था प्रभारी एवं शिक्षकों की सराहना की। जिसके बाद पीएम श्री विद्यालय दुनावा, पारड़सिंगा एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय मुलताई का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संयुक्त संचालक श्री वर्मा ने समस्त शालाओं में नामांकन, प्रोफालई अपडेशन, यू-डाईस अपडेशन, नि:शुल्क साईकिल वितरण, पाठ्य पुस्तक वितरण, छात्रवृत्ति एवं शासन की योजनाओं के संचालन एवं कियान्वयन पर जोर दिया गया तथा कक्षा 9 व कक्षा 6 मे नामांकन की समीक्षा विकासखंडवार की गयी। निरीक्षित शालाओं में अकादमिक निरीक्षण किया तथा निर्देश दिए कि समस्त कक्षाओं में पाठ्यक्रम अनुसार नियमित अध्यापन जाए और कक्षा 9 के कमजोर बच्चों के लिये विशेष कक्षा संचालन किया जाए।

हस्तशिल्प संस्कृति हमारी पहचान : एसडीएम

बैतूल। हस्तशिल्प सेवा केंद्र नागपुर के तत्वावधान में गुरुवार को बैतूल के एक निजी होटल में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बैतूल एसडीएम अभिजीत सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले के कारीगरों और हस्तशिल्प उद्यमियों को बदलते व्यापारिक परिदृश्य, डिजिटल प्लेटफॉर्म और सरकारी योजनाओं से जोड़ना रहा। सेमिनार में प्रतिभागियों को जीएसटी, ई-कॉमर्स, इंडियन हैंडमेड पोर्टल, जीआई टैग तथा जीईएम पोर्टल संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। मुख्य

अतिथि अभिजीत सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि पारंपरिक कला और हस्तशिल्प हमारी संस्कृति की पहचान है। बदलते समय में डिजिटल प्लेटफॉर्म और ऑनलाइन मार्केटिंग ही कारीगरों को नए अवसर प्रदान कर सकती है। उन्होंने कहा कि कारीगरों को चाहिए कि वे इन तकनीकी माध्यमों से जुड़कर न केवल अपने उत्पादों को बाजार तक पहुंचाएं बल्कि अपनी कला को वैश्विक स्तर पर स्थापित करें। उन्होंने बताया कि जीएसटी की सही जानकारी से कारोबार को सुगम बनाया जा सकता है।

कलाकारों द्वारा माटी के गणेश का दिया जा रहा प्रशिक्षण

शाहपुर। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चलाये जा रहे अभियान में ग्राम विकास प्रस्फुट समिति शाहपुर ब्लाक नवांकुर जय गुरूदेव उत्थान संस्था के सौजन्य से माटी गणेश सिद्ध गणेश की मूति बनाने के लिए लगातार पर्यावरण संरक्षण के लिए जन जागरूकता अभियान परिषद द्वारा चलाया जा रहा है। जिसमें आरती ठाकुर एवं शीतल परसाई ने मूर्ति बनाने वाले कलाकार नेमीचंद्र प्रजापति, राजेश प्रजापति, दिलीप प्रजापति, सतीश प्रजापति के सहयोग से प्रशिक्षण दिलवाया जा रहा है।

बिजली कर्मचारी महासंघ ने किया पौधारोपण

मुलताई। भारतीय मजदूर संघ के तत्वाधान में भारतीय मजदूर संघ के पूर्व प्रदेश महामंत्री मधुकर साबले के निर्देशन में मुलताई में मध्य प्रदेश बिजली कर्मचारी महासंघ अध्यक्ष पर्वतराव ठाकरे एवं सचिव संतोष गुप्ता के नेतृत्व में पर्यावरण पखवाडा मनाया गया।इस अवसर पर बिजली कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने पर्यावरण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। पर्यावरण पखवाड़े की शुरूआत विद्युत वितरण कंपनी मुलताई संभाग के मुलताई (ग्रा.) वितरण केन्द्र से की गई एवं परिसर में पौधा रोपण किया गया।वहीं अन्य केन्द्रो पर पांच पांच पौधे लगाने भेजे गए। इस

अवसर पर मुलताई (ग्रा.) वितरण केन्द्र के सहायक प्रबंधक सुर्यकान्त साकेत एवं चेतन पंवार मौजूद थे। बिजली कर्मचारी महासंघ के उपाध्यक्ष अंकित सक्सेना, कोषाध्यक्ष कुलदीप ठाकरे, प्रचार सचिव अनिल देशमुख, नितेश ठाकरे, दशरथ हजारे, श्रीराम पंवार, राजकुमार डहारे, भुपेन्द्र साबले, देवा उइके, महादेव पंवार, खेमराज पाल, रमेश पंवार,संदीप हजारे, रवि पंवार, शुभम सोलंकी,प्रवीण जाम्बुलकर, अभिराम चौरे, पंजाब बोरबन, मिलिन्द गोलाइत सहित कर्मचारी मौजूद थे।

शिकायतों के निराकरण कार्यों में प्रगति के लिए मिला सम्मान

भैंसदेही। भैंसदेही की मुख्य नगर परिषद अधिकारी रीना सिंह राठौर को माननीय संयुक्त संचालक मध्य प्रदेश शासन भोपाल द्वारा सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें सीएम हेल्पलाइन में शत प्रतिशत निराकरण और निर्माण कार्यों में प्रगति के लिए मिला है। इसके अलावा नगर परिषद भैंसदेही द्वारा वाटर बॉडी का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण किया गया है, जिसकी सराहना की गई है। यह सम्मान पाने पर नगर परिषद अध्यक्ष मनीष सोलंकी, उपाध्यक्ष श्रीमती कुसुम सिंह किलेदार और समस्त पार्षद गणों ने सीएमओ रीना सिंह राठौर को बधाई दी है। सम्मान समारोह का आयोजन मंगलवार को सिवनी मालवा में नर्मदा पुरम संभाग की समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारियों की बैठक में किया गया था। नगर परिषद के समस्त अधिकारी और कर्मचारी गणों तथा पत्रकार गणों ने भी सीएमओ रीना सिंह राठौर को बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह सम्मान नगर परिषद भैंसदेही के लिए एक बड़ी उपलब्धि है और सीएमओ रीना सिंह राठौर के नेतृत्व में नगर परिषद के कार्यों की सराहना की गई है।

उजड़ा गरीब का आशियाना, पंचायत मूकदर्शक

भैंसदेही। भीमपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत मोहटा में लगातार हो रही बारिश ने एक गरीब परिवार का आशियाना उजाड़ दिया।

ग्राम के ही निवासी शिवकुमार सोनी, जो वर्तमान में गांव के मंदिर की सेवा करते हैं और बेहद साधारण परिस्थितियों में अपना जीवन यापन कर रहे हैं, अब खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं। बारिश से घर ढह जाने के बाद न तो रहने की कोई व्यवस्था है और न ही बच्चों के बैठने तक की जगह बची है। शिवकुमार ने कई बार ग्राम पंचायत से गुहार लगाई, लेकिन आज तक न तो कोई मदद

मिली और न ही प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ। गांव के लोगों का कहना है कि ऐसे व्यक्ति का घर टूटना किसी बड़े संकट से कम नहीं। मंदिर की सेवा करने वाला और कठिन परिस्थितियों में जीवन जीने वाला यह परिवार अब बेघर होकर बदहाली का सामना कर रहा है। ग्राम पंचायत और जिम्मेदार अधिकारियों की बेरुखी इस बात को साफ दिखाती है कि गरीब और जरूरतमंदों तक सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं पहुंच पा रहा है। आदिवासी अंचल की यह तस्वीर विकास पर बड़े सवाल खड़े करती है।

मां के सम्मान में हम एक पौधा जरूर रोपें : भाजपा जिला अध्यक्ष

बैतूल। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार मेरा युवा भारत बैतूल से संबद्ध रक्तदान समिति हेल्पिंग मिशन संस्था, ग्रीन आर्मी युवा मंडल के सहयोग से एक पेड़ मां के नाम अभियान व नारी शक्ति से सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम भाजपा के जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार, ऋषिराज सिंह परिहार, समाजसेवी अतुल वर्मा, नरेंद्र विजयकर, डॉ.कृष्णा मौसिक, गौरी बालापुरे, किरण गीद के आतिथ्य में और धनंजय सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व सांसद सुभाष आहूजा को एक मिनट का

मौन धारण कर श्रद्धांजली दी गई। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। ग्रीन आर्मी युवा मंडल के अध्यक्ष गजेंद्र पवार ने मंडल की विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया। ऋषिराज सिंह परिहार ने कहा कि गया एक पेड़ मां के नाम अभियान एक सामाजिक पहल है जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और मातृ शक्ति का सम्मान करना है। धनंजय सिंह ठाकुर ने मेरा युवा भारत की विस्तृत जानकारी से अवगत कराते हुए युवाओं से आव्हान किया है कि वह मेरा युवा भारत से जुडकर विभिन्न गतिविधियों में सहभागिता करें। जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार ने कहा कि पेड़ लगाकर पर्यावरण को हरा-भरा बनाना और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करना। माताओं के प्रति सम्मान बढ़ाना और उनके महत्व को प्रकट करना युवाओं का दायित्व है। डॉ.कृष्णा मौसिक और गौरी बालापुरे ने पर्यावरण संरक्षण पर बल देते हुए एक पेड़ मां के नाम अभियान के सराहना करते हुए अधिक से अधिक पौधारोपण व उनके संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला।

प्रतियोगिता आरडीपीएस में इंटरस्कूल कबड्डी चैम्पियनशिप आयोजित

विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए खेल गतिविधियां जरूरी : खण्डेलवाल

बैतूल। उत्कृष्ट शैक्षणिक संस्थान आर.डी.पब्लिक स्कूल बैतूल में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग देने के साथ ही उनके चहुमुखी विकास के लिए खेलकूद, कला, सांस्कृतिक सहित अन्य गतिविधियों में सहभागिता करवाई जाती है।

आर.डी.पब्लिक स्कूल बैतूल में विद्यार्थियों के समग्र विकास और परम्परागत खेल कबड्डी को नई पहचान दिलाने के लिए इंटर स्कूल कबड्डी चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया। अंडर-17 एवं अंडर-19 वर्गो में आयोजित प्रतियोगिता में आरडीपीएस सहित अन्य स्कूलों के विद्यार्थियों ने सहभागिता कर

उत्कृष्ट कबड्डी खेल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर स्कूल की डायरेक्टर श्रीमती ऋतु खण्डेलवाल ने विजेता टीमों को पुरूस्कृत किया। इस अवसर पर डायरेक्टर श्रीमती खण्डेलवाल ने कहा कि हमारा उद्देश्य बच्चो को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के साथ ही उनमें छुपी प्रतिभाओं को उभारने के लिए मंच उपलब्ध करवाना है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए खेल गतिविधियों में सहभागिता आवश्यक है। डायरेक्टर श्रीमती खण्डेलवाल ने कहा कि खेल में सिर्फ जीत-हार नही होती, बल्कि लीडरशिप, निर्णय लेने की क्षमता और आत्मविश्वास का विकास होता है।

पारम्परिक खेल कबड्डी को मिलेगा बढ़ावा : शिक्षा विभाग के खेल अधिकारी धर्मेन्द्र पंवार ने आरडीपीएस द्वारा आयोजित इंटर स्कूल कबड्डी चैम्पियनशिप की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन से पारम्परिक खेल कबड्डी को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि समय के साथ कबड्डी का स्वरूप भी बदल रहा है। कबड्डी का खेल मिट्टी से मेट तक पहुंच गया है। श्री पंवार ने कहा कि यह आयोजन न केवल कबड्डी जैसे पारम्परिक खेल को बढावा देने में सहायक सिद्ध होगा। बल्कि छात्रों में खेल भावना और सहभागिता की प्रेरणा भी जागृत होगी।

प्रतिभागियों का किया उत्साहवर्धन

आरडी पब्लिक स्कूल बैतूल द्वारा आयोजित इंटर स्कूल कबड्डी चैम्पियनशिप में आर.डी. स्कूल के साथ ही बालाजी पब्लिक स्कूल, सेंट टेरेसा स्कूल, जीएचपीएय चिचोली, यूनिक स्कूल, एनबीएसएस कोठीबाजार बैतूल सहित अन्य स्कूलों के ब?ी संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता की। प्रतियोगिता के अंडर-17 वर्ग में आरडीसीसी एवं अंडर-19 वर्ग में आरडीपीएस की टीम विजेता रही। आरडीपीएस की डायरेक्टर श्रीमती ऋतु खण्डेलवाल ने विजेता और उपविजेता टीमों को पुरूस्कृत कर सम्मानित किया।

नवभारत समाचार पत्र में विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करे।
उमाकांत शर्मा, बैतूल मो. 9424009999

क्राफ्ट इंडिया शॉपिंग मेला सह प्रदर्शनी
2 अगस्त से भव्य शुभारंभ
हैण्डलूम, हैण्डीक्राफ्ट और गृह उपयोगी वस्तुये
EXPO सुनहरा अवसर
एंट्री/पार्किंग फ्री
TIME 10 AM TO 10 PM
30,000 विभिन्न प्रकार की घरेलू उपयोगी वस्तुएं एक ही छत के नीचे
भव्य प्रदर्शन व बिक्री
महाराष्ट्र, वेस्ट बंगाल, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मिर, नागालैंड, आसाम, छत्तीसगढ़, तामिलनाडू, हरियाणा, गुजरात, बिहार, राजस्थान, आंध्रप्रदेश एवं अन्य सभी राज्यों की गृह उपयोगी वस्तु भरपूर स्टॉक में उपलब्ध है।
स्थान न्यू बैतूल स्कूल ग्राउंड कोठीबाजार बैतूल

माँ शांतादेवी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
अब छात्रों को भोपाल इंदौर जाने की आवश्यकता ही नही, बैतूल में करें
MBA

माँ शांतादेवी कॉलेज ऑफ फार्मेसी
Diploma in Pharmacy
(2 Year) (12th Bio/Math's)
For Year 2025-26
D फार्मेसी

(प्रवेश प्रारंभ) पता : इटारसी रोड, बैतूल मो. 9425003213, 7000863213 (प्रवेश प्रारंभ)